हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 अप्रैल 2025

11 भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर...



12 डिजाइनिंग लाइटों से जगमगाएगा रोहतक रोड...










सचिन जैन
संचालक

शोरूम अब कुछ समय के लिए पहली मंजिल पर चला गया है।

वर्धमान ज्वैलर्स अब और बडा, सुंदर, और अधिक डिज़ाइन और वैरायटी के साथ उसी पते पर

वर्धमान ज्वैलर्स
सोना चाँदी हीरा

आप सभी को अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं

शोरूम : घंटाघर बाज़ार, भिवानी (9215656444) | ब्रांच : नज़दीक के.एम., हाँसी रोड (9215657444)



GK
SINCE 1938
GAGAN KOKCHA®
DESIGNER

Raymond Solino Arvind J.HAMPSTEAD GRADO ROGER LAVIALE 1932

सभी प्रकार का ब्रांडिड कपड़ा उपलब्ध है।



आप सभी को अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं

Prop. Gagan Kokcha : 9053222234
Branch-1: Shop No. 8-9, Near Kirori Mal Mandir, Baba Meena Ram Market Bhiwani
Branch-2 : Spiti Mall (Sun City) Near Huda Park, Bhiwani



PJS Jewellers since 1850

ज्वैलरी जगत में विश्वसनीय नाम
आधुनिक आभूषणों के निर्माता व विक्रेता

प्यारे लाल जगन्नाथ सर्राफ

सोना-चाँदी-हीरा-मोती-कुंदन-पोलकी के ज़ेवरों के लिए।

आप सभी को अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं

कुशल कारीगर उत्कृष्ट डिजाइन | पूरी शुद्धता वाजिब दाम | अटूट गठबंधन विश्वास का | भरपूर सेवा पूर्ण संतुष्टि | वापसी की गारंटी | ज़ेवर की निःशुल्क रिपेयरिंग


बृजलाल सर्राफ


पवन सर्राफ


हनुमान सर्राफ


कृष्ण सर्राफ


कुणाल सर्राफ

पता शोरूम: हालू बाजार, भिवानी
3, कोहाट एनक्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली

सम्पर्क सूत्र: 9812202000, 9812203000, 9812204000

# शहर के चारों तरफ कमांडो तैनात, सार्वजनिक स्थानों पर चला चेकिंग अभियान, जांचे वाहन

## सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शहर के सभी पुलिस चैक पोस्ट पर स्पेशल कमांडो तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

पुलिस ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शहर की सभी पुलिस चैक पोस्ट पर स्पेशल कमांडो तैनात किए गए हैं, जो न केवल नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, बल्कि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पूरे एक्शन मोड में हैं। एसपी अर्श वर्मा के निर्देशों के अनुसार पुलिस नाकों पर बाहर से आने वाले नागरिकों और वाहनों की गहनता से जांच होगी। एसपी वर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि हर नागरिक सुरक्षित महसूस करें। कमांडो की तैनाती से न केवल अपराधों की रोकथाम होगी, बल्कि आम लोगों का पुलिस पर विश्वास भी बढ़ेगा, जब लोग देखेंगे कि पुलिस सड़कों पर सक्रिय है, तो निश्चित रूप से अपराध करने की सोच रखने वाले लोग पीछे हटेंगे। एसपी वर्मा ने कहा कि विशेष कमांडो की तैनाती से न केवल संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि अपराधियों के मन में भय बना रहे। उन्होंने कहा कि मंगलवार को शहर के लगभग 10 पुलिस चैक पोस्ट पर अतिरिक्त कमांडो तैनात किए हैं, ये कमांडो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे और बाहर से आने वाले नागरिकों और वाहनों की गहनता से जांच करेंगे। इसके साथ ही सभी नाकों पर चेकिंग कर रिकॉर्ड मेंटेन करेंगे। यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे।



■ लगभग 10 पुलिस चैक पोस्ट पर अतिरिक्त कमांडो तैनात किए हैं

भिवानी। बस स्टैंड परिसर में चैकिंग अभियान चलते कमांडो।

### पुलिस के अधिकारी भी उनकी मदद करेंगे

उन्होंने बताया कि कमांडो द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। गश्त के दौरान पुलिस के अधिकारी भी उनकी मदद करेंगे ताकि कोई भी आपात स्थिति का तुरंत सामना किया जा सके। सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कमांडो के साथ समय-समय पर ड्यूटी चेक करें, ये सुनिश्चित करना आवश्यक है कि कानून व्यवस्था बनी रहे। इससे न केवल सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि यह नागरिकों के मन में पुलिस के प्रति एक सकारात्मक छवि भी स्थापित करेगा। पुलिस की सक्रियता से हर नागरिक को यह एहसास होगा कि वे अकेले नहीं हैं, और सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें।

सूरज डिग्री कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

# तीन विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 मेरिट में स्थान पाया



पायल



हिमेश यादव



ईशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा प्रथम सेमेस्टर की टॉप-10 मेरिट लिस्ट घोषित की गई, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। जिसमे बीएससी लाइफ साइंस प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ईशा तंवर पुत्री सतीश, महेंद्रगढ़ ने 9.25 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम मे पायल पुत्री अनील कुमार आदलपुर ने 9.17 एसजीपीए लेकर विश्वविद्यालय में पांचवा व बीएससी फिजिकल साईस प्रथम सेमेस्टर का छात्र हिमेश यादव पुत्र विरेंद्र लुहाना ने 9.64 एसजीपीए लेकर विश्वविद्यालय में सातवां स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### एसडी एकेडमी में बच्चों को किया योग के प्रति प्रेरित

**चरखी दादरी।** नगर के खेड़ी बूरा रोड पर स्थित एसडी एकेडमी परिसर में विद्यार्थियों को जीवन में योग के प्रति प्रेरित किया। मंगलवार को संचालक अशोक रंगा की अध्यक्षता में आयुष योग सहायिका मोनिका ने बच्चों को योग के महत्व के बारे में जानकारी दी।

मोनिका ने बताया योग को दैनिक जीवन में अपनाने से अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। शरीर पूरी तरह स्वस्थ रहता है। योग से मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। एमडी योगिता रंगा व अध्यक्ष सोमवीर रंगा ने कहा कि आज के समय में युवाओं को प्रतिस्पर्धा के कारण लगातार दिन में कई कई घंटे अध्ययन में जुटे रहना पड़ता है, कई बार तो देर रात व सुबह जल्दी उठकर युवा पढाई में जुट जाते है।

### तोशाम मंडल की नई कार्यकारिणी धोषित

**तोशाम।** तोशाम की डायमंड वैली में भाजपा तोशाम मंडल के पदाधिकारियो की जिला प्रभारी व जिला अध्यक्ष से विचार-विमर्श कर नियुक्ति की गई। तोशाम मंडल अध्यक्ष विक्की महता ने बताया कि नई कार्यकारिणी में शैंकी पोपली व राधेश्याम खानक को महांमत्री, विजय तंवर, रामबीर जांगड़ा, संजय गुर्जर व सुनीता को उपाध्यक्ष, पवन शर्मा, राजेश छान्या, शीला देवी, संगीता भुरटाना को मंडल सचिव, सत्यजीत को कोषाध्यक्ष, सरोज अग्रवाल को आईटी प्रमुख व देवदत भुरटाना को जिम्मेवारी सौंपी है। नई जिम्मेवारी उन्हें मिली है उसे वह पूरी निष्ठा तथा ईमानदारी के साथ निभाएंगे।





### एचडी की पूर्व छात्रा निशा ने जीता स्वर्ण पदक

**चरखी दादरी।** ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद विजय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 21 से 28 अप्रैल तक आयोजित 7वीं पुरुष एवं महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें एचडी स्कूल बिरोहड की पूर्व छात्रा निशा ने 65 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि निशा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है, जो भारतीय मुक्केबाजी में अपनी पहचान बना रही हैं। निशा की इस शानदार सफलता से एशियन मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। यह प्रतियोगिता 22 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। निशा की उपलब्धि पर स्कूल के निदेशक बलराज फौगाट एवं रजत फौगाट ने कहा कि निशा की सफलता इस बात का प्रमाण है कि अगर मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन हो, तो किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# प्रयास संगठन ने पक्षियों के लिए शुरू किया परिंदा अभियान

## स्वर्ण जयंती पार्क में वृक्षों पर लटकाए पानी के सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

तपती दोपहरी और लू के थपेड़ों के बीचे स्थानीय प्रयास संगठन के सदस्यों ने एक बार फिर अपना परिंदों के लिए परिंडा अभियान शुरू कर दिया है। पिछले करीब एक दशक से संगठन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत सोमवार को संगठन के सदस्यों ने स्थानीय स्वर्ण जयंती पार्क में पक्षियों के लिए वृक्षों पर पक्षियों के पीने के पानी के लिए अनेक सकोरे टांगे और उनमें नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी ली। प्रयास संगठन के प्रधान महेंद्र कथूरिया, संस्थापक मा. पवन स्वामी, डॉ उमेद जांगिड़ ने बताया कि गर्मियों में तापमान बढ़ने के साथ ही पशु पक्षियों के लिए पीने के पानी की समस्या खड़ी हो जाती है। बेजुबान पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना सबसे बड़ी मानवता है तथा मानवता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए संगठन ने हर वर्ष गर्मी के सीजन में पक्षियो के लिए पार्क, सरकारी भवनों आदि स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी के सकोरे लगाने का निर्णय लिया। करीब दस वर्षों से संगठन द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को करीब एक दर्जन से अधिक पानी के सकोरे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीव की खाद्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका है और किसी भी जीव की संख्या कम ज्यादा हो जाए तो पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। हमें जीवों के संरक्षण व पृथ्वी के तापमान को संतुलित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। रविंद्र कस्वां, समाजसेवी अनिल जोशी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति इस पृथ्वी के रहने वाले जीवों के संरक्षण के लिए भी आगे आए। मवेशियों और पक्षियों के लिए गर्मी के सीजन में पानी की व्यवस्था करने से बड़ा कोई धर्म नही है। इस मौके पर महेश शर्मा, सुनील कुमार, श्लोक जांगिड़ आदि शामिल रहे।



**लोहारू।** लोहारू के स्वर्ण जयंती पार्क में पक्षियों के लिए सकोरे लगाते हुए प्रयास संगठन के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# साल में एक बार रक्तदान जरूर करें: डॉ. कपिल शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सम्मान एक प्रयास समिति के संस्थापक व अध्यक्ष डा. राजेश कुमार की अध्यक्षता में गाँव मंढाणा में भगवान परशुराम जयंती पर 16वां रक्तदान, स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्यातिथि डॉ. कपिल शर्मा डायरेक्टर त्रिवेणी डेन्टल भिवानी, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर वजीर सिंह गोयत भिवानी, प्रोफेसर मुकेश यादव भिवानी, सुनील भोरिया गाँव गुजरानी, जगदीश प्रसाद जांगिड गाँव पुर, सुभाष चन्द्र ग्राम सचिव रिवाड़ी खेडा, यशपाल कटारिया समाजसेवी गाँव चांग, पवन शर्मा प्राचार्य गाँव बलियाली, ओमसिंह परमार पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी कलिंगा ने रिब्बन काटकर किया। उन्होंने रक्तवीरों को बैज लगाकर व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारम्भ गांव मंढाणा की वरिष्ठतम महिला भरपाई उम्र 78 वर्ष, एवं पुरुष मोतीराम उम्र 89 वर्ष, और सबसे ज्यादा पढ़ी लिखी अविवाहित बेटी पुष्पा पुत्री रामशरण और सबसे ज्यादा पढा लिखा अविवाहित बेटा अभिनव पुत्र सोमदत्त ने रिब्बन काटकर किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि हर इंसान को साल में कम से कम एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए, रक्तदान कर हम अपने जीवन को सफल बना सकते है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर वजीर सिंह गोयत ने कहा कि सम्मान समारोह, रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर एक सराहनीय एवं अनुकरणीय कार्य है। जो सर्वसमाज को जोड़ने का एक अच्छा प्रयास किया गया है। प्रोफेसर मुकेश यादव ने कहा कि इस शिविर का विशेष आकर्षण युवा शक्ति और मातृ शक्ति रहे, जिन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया।

सुभाष चन्द्र ने कहा कि महापुरुषों के जन्मदिवस पर सम्मान समारोह एवं रक्तदान शिविर का आयोजन करके रक्तदान के प्रति जन जागृति का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में समिति के संस्थापक अध्यक्ष डा. राजेश कुमार, उपाध्यक्ष अनिल परमार, महासचिव डॉ. नवनीत ढांडा, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, अमित शर्मा, सोमबीर शास्त्री, प्रोफेसर अमरजीत रंगा, गजानंद शर्मा, कृष्ण फौजी, संजय फौजी, प्रीतम आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।





### अपनी बेटियों को अवश्य पढ़ाएं

*सुनील भोरिया ने कहा कि आज जयंती बहुत ही सराहनीय, सकारात्मक, अनुकरणीय एवं गर्व महसूस करने वाली है क्योंकि आज इसमें हर समाज ने अपनी भागीदारी दी है। जगदीश प्रसाद जांगिड समिति का निस्वार्थ भाव से की गई पहल बहुत ही सराहनीय है। इस तरह के प्रयास हमें हर गांव स्तर पर करने होगें तभी हम बड़ों का मान सम्मान कर पाएंगे। घर में अपनी बेटियों को अवश्य पढ़ाएं क्योंकि पढ़ी-लिखी बेटी दो घरों का सुधार कर सकती है।*

# अक्षय तृतीया पर यज्ञ में आहुति डाल मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

लोहारू नगरपालिका चेयरमैन प्रदीप तायल ने कहा कि भगवान परशुराम किसी जाति विशेष के नहीं बल्कि उन्होंने समाज में बुराई का अंत और दुष्टों का संहार कर विकासपरक समाज का निर्माण करने का काम किया था। भगवान परशुराम के आदर्श सभी समाज के लोगों के लिए प्रेरणीय हैं। वे स्थानीय परशुराम चौक पर अक्षय तृतीया के मौके पर श्री ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री ब्राह्मण महासभा के प्रधान कृष्ण टीकेवाला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी डीईओ मानसिंह शर्मा, बार एसोसिएशन प्रधान राजेश भारद्वाज, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहताश चौहान, व्यापार मंडल प्रधान धनपत सैनी आदि ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इससे पहले महासभा द्वारा हवन में आहुति डालकर विश्व मंगल की कामना की गई।



**लोहारू।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर यज्ञ में आहुति डालते हुए चेयरमैन प्रदीप तायल व अन्य।

# प्रदेश चमार महासभा ने दी पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर गोलीबारी करने के विरोध में शहीद हुए पर्यटकों को प्रदेश चमार महासभा के पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महासभा ने पाकिस्तान की घिनोनी हरकत पर सरकार से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। महासभा के जिला प्रभारी हरनारायण दहिया, जिलाध्यक्ष डॉ. सीताराम सिंगला, जिला ग्रामीण अध्यक्ष रमेशचंद्र नाफरिया, महासचिव बलवान दहिया, शहरी अध्यक्ष पवन डेहनीवाल, प्रेस सचिव सूबेसिंह, मास्टर बिशनपाल व युवा प्रदेशाध्यक्ष राजू मेहरा ने राष्ट्रहित में केन्द्र सरकार से मांग की कि सरकार जल्द इस औच्छी हरकत का जवाब दें। पदाधिकारियों ने शहीद हुए पर्यटकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी रखी।



**भिवानी।** पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को नमन करते प्रदेश चमार महासभा के सदस्य।



**महेंद्रगढ़।** विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### मंयक निबंध लेखन में प्रथम स्थान पर रहा

**महेंद्रगढ़।** करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आरपीएस महेंद्रगढ़ के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए निबंध लेखन, भाषण, श्लोगन व ड्राईंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सभी विजेता प्रतिभागियों को ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बधाई दी। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ के छात्र मंयक ने निबंध लेखन में प्रथम स्थान, भाषण प्रतियोगिता में यशिका और प्रेरणा प्रथम व ड्राइंग एवं स्लोगन राइटिंग में आकांक्षा और आंचल में प्रथम रही। इस मौके पर उपप्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एल एन गौड़, पवन तिवारी आदि मौजूद रहे।

# भिवानी बॉक्सिंग क्लब की मुक्केबाज निशा गुलेरिया ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

21 से 27 अप्रैल तक ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी में भिवानी बॉक्सिंग क्लब की होनहार मुक्केबाज निशा गुलेरिया ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

निशा गुलेरिया जूनियर विश्व मुक्केबाजी की। स्वर्णपदक विजेता व युवा विश्व मुक्केबाजी की रजत पदक विजेता रही है। भिवानी बॉक्सिंग क्लब के मुख्य प्रशिक्षण जगदीश सिंह द्रोणाचार्य अवॉर्डी ने बताया कि निशा अब मई 2025 में आयोजित युवा एशियाई मुक्केबाजी में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। ज्ञान रहे कि निशा की बड़ी बहन ललिता गुलेरिया भी युवा एशियाई चैंपियन व बेस्ट बॉक्सर रही है। निशा अपनी बहन के पदचिह्नों पर चलकर आगे बढ़ रही है।

निशा की इस जीत पर क्लब के अध्यक्ष कमल सिंह प्रधान, सचिव ले. कर्नल मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष चंपा देवी, प्रशिक्षक विजय कुमार, दीपक मोर, कुलदीप सिंह, मुक्केबाज सोनिका, रूचिका बेरवाल, शिवानी, निशा कुमारी व ऋषि सांगवान ने बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**भिवानी।** पदक विजेता को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## छोटी सरकार से लेकर प्रदेश व केन्द्र में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी

# शहर के विकास का इंतजार कर रहे लोग ,ट्रिपल इंजन की सरकार से आमजन को काफी आस

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नगर पालिका शहर की छोटी सरकार से लेकर प्रदेश व केन्द्र में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। वर्षों से शहर में जो विकास कार्य नहीं हुए लोगों को उनके होने की आस बनी हुई है। लेकिन अभी कार्य ढिलाई पर है और लोगों की उम्मीदें काफी बनी हुई है इसी को लेकर लोगों ने अपने विचार सांझा किए।

### सहज पके सो मीठा होए



बवानी खेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि के लाडले छोटे भाई राकेश वाल्मीकि ने बताया कि पुरानी कहावत है कि सहज पके सो मीठा होए। सभी कार्य होंगे। शहर में चाहे खेल स्टेडियम, पार्क, बिजली, पानी, सीवरेज, सफाई व्यवस्था, मार्ग निर्माण, गली-नाली निर्माण आदि कुछ भी हो सभी पर विधायक स्वयं फोकस कर रहे हैं। सभी कार्य होगे।

### ना पार्क न स्टेडियम, कैसे चलेगा काम:हनुमान पाराशर



*बवानी खेड़ा के वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी हनुमान पारासर की मानें तो शहर में ना तो कोई पार्क है ओर ना ही कोई खेल स्टेडियम है जबकि इनकी सख्त जरूरत है। हालांकि विधायक कपूर वाल्मीकि ने विधानसभा में भी इनका मुद्दा उठाया। लोगों की उम्मीद भी जगी है लेकिन अब काम शुरू होगा अभी भविष्य के गर्भ में है।*

### कर्मचारियों की संख्या में हो बढ़ोतरी



*बवानी खेड़ा निवासी ललित जैन की मानें तो शहर में पहले सफाई कर्मचारियों की संख्या अधिक होती थी लेकिन अब व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी की जरूरत है। नपा प्रधान, विधायक से इसके बारे में डिस्कस करके इनकी संख्या में बढ़ोतरी बारे आग्रह किया जाएगा ताकि सफाई व्यवस्था सुदृढ़ हो सके।*

### रेलवे स्टेशन मार्ग अधर में अटका:गजानंद



*बवानी खेड़ा के योग गुरू गजानंद कौशिक ने बताया कि बीती योजना में रेलवे स्टेशन रोड का कार्य अधर में छोड़ा गया था लेकिन वह पूरा नहीं हुआ जिसके कारण लोगों को मीलों घूमकर अपने गणतव्य की ओर जाना पड़ता है। प्रशासन को इस ओर भी सुध लेनी चाहिए ताकि लाखों के मार्ग का प्रयोग सही तरीके से किया जा सके।*

## खबर संक्षेप



### गांवों में बेहतर सुविधा देना सरकार की प्राथमिकता

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा गांवों का चहुंमुखी विकास एवं योग्य युवाओं के रोजगार में राज्य सरकार पर मुख्य फोकस है और इस दिशा में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। वर्तमान में गांवों के विकास को शहरों की तर्ज पर नई गति मिल रही है। ग्रामीण आंचल में बेहतर शिक्षाए स्वास्थ्य सेवाएंए निर्बाध बिजली आपूर्तिए योजक सड़कों का निर्माण व विस्तारीकरण आदि किया जा रहा है।

### सूजमा गांव में मारपीट एक युवक घायल

**कैथल।** गांव सजूमा में हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सजूमा के रमन ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि रंजिश को लेकर 27 अप्रैल को जब वह सायं के समय गांव से जा रहा था तो गांव के ही रवि, अशोक, दीपू, अजय, सारण, सोनू व एक अन्य व्यक्ति ने मिलकर उसे पर लाठी, डंडे और गंडासियों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### चोरों ने दानपात्र से चुराई हजारों की नकदी

**कैथल।** हरिगढ़ किंगन के काली माता मंदिर तथा दुर्गा माता मंदिर के दान पत्र तोड़ते चोर उनमें रखे हजारों रुपए चुरा कर ले गए। इस संबंध में गांव हरिगढ़ के बलबीर सिंह का पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 26 अप्रैल की रात को चोर गांव में बने काली माता मंदिर तथा दुर्गा माता मंदिर की दान पात्र को तोड़ते हुए वहां से 15000 की धनराशि चुरा कर ले गए। हेड कांस्टेबल जसपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चीका में युवक ने नकदी और मोबाइल छीना

**कैथल।** कस्बा चीका से एक युवक हजारों रुपए की राशि तथा मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। चीका के सनी गुप्ता ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 28 अप्रैल को जब वह रात करीब 8:15 बजे अपने भाई रवि प्रकाश के साथ वार्ड नंबर 5 सोनी भट्टी के निकट से गुजर रहा था तो एक अज्ञात युवक उनके हाथ से बैग छीन कर फरार हो गया। बैग में 60000 की नगदी तथा दो मोबाइल फोन थे। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सतीश ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हैरोइन मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचकर नशा सप्लाई करने वालों पर शिकंजा कसते हुए एंटी नारकोटिक सैल के एसआई बलराज सिंह की टीम द्वारा हैरोइन बरामदगी मामले में आरोपी मुंदड़ी निवास महिंद्र सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 अप्रैल को एंटी नारकोटिक सैल पुलिस टीम द्वारा सापन खेड़ी करनाल रोड़ पर नाकाबंदी करके आरोपी गांव मुंदड़ी निवासी सलिंद्र को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 5.33 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी।

### राह ग्रुप रक्तदानियों को करेगा सम्मानित

**नरवाना।** विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून 2025 के अवसर पर राह ग्रुप फाउंडेशन प्रति वर्ष की तरह 11 रक्तदानियों को सम्मानित करेगा। इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ करेंगे। विधायक रणधीर सिंह पनिहार, भाजपा नेता नरेश नैन व राजेश टांक मौजूद रहेंगे। राह क्लब नरवाना के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप नैन एवं संरक्षक राजाराम शर्मा ने एक ब्यान जारी कर यह जानकारी दी।

# तैयारियां अंतिम चरण में, विधायक योगेंद्र सिंह राणा पहुंचे भिवानी महाराणा प्रताप की प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह का दिया न्योता

**महाराणा प्रताप की विरासत को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना ही जयंती समारोह का उद्देश्य: विधायक राणा**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

महान योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती पर आगामी 9 मई को करनाल के गांव सालवन में होने वाले प्रदेश स्तरीय समारोह लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस ऐतिहासिक अवसर को भव्य रूप देने के लिए लोगों की सक्रियता बढ़ गई है तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों में घूम-घूमकर इस कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में महाराणा प्रताप जयंती की प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह का निमंत्रण देने मंगलवार को असंध के विधायक योगेंद्र सिंह राणा भिवानी पहुंचे। उनके साथ जिला राजपूत सभा करनाल के प्रधान डा. एनपी सिंह सहित टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। इस दौरान स्थानीय राजपूत धर्मशाला में पहुंचने पर हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के पदाधिकारियों द्वारा विधायक योगेंद्र सिंह राणा का जोरदार स्वागत किया गया।

**खास बातें**

- महाराणा प्रताप की जयंती पर कार्यक्रम युवा पीढ़ी को उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए करेगी प्रेरित

### कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचेंगे

**श्रद्धांजलि दी गई**

इस दौरान पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी तथा देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का आह्वान किया गया। विधायक योगेंद्र सिंह राणा ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यअतिथि पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप की वीरता और स्वाभिमान आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, और इस आयोजन का उद्देश्य उनकी विरासत को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना है। विधायक ने कहा कि इस वर्ष का समारोह पहले से भी अधिक भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के मुख्य संरक्षक आरपी सिंह व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमबीर सिंह तंवर ने कहा कि महाराणा प्रताप के बलिदान एवं संघर्ष में युवा पीढ़ी को देशभक्ति, साहस व दृढ़ संकल्प की प्रेरणा मिलती है। ऐसे में महाराणा प्रताप की जयंती कार्यक्रम युवा पीढ़ी को उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेंगी।



भिवानी। जयंती समारोह का निमंत्रण देते विधायक योगेंद्र राणा। फोटो: हरिभूमि

**ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर विक्रम सिंह, मदन परमार सरपंच, मोनू तंवर जिला पार्षद, भरत परमार यातायात प्रबंधक, दीपा तंवर, कंवरपाल पूर्व सरपंच चांग, उदय सिंह तंवर मीना परमार, अजीत सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, गोपाल चौहान युवा जिला अध्यक्ष, संदीप तंवर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान, अभिजीत लाल सिंह, सुरेंद्र सिंह परमार ईटीओ, कंवर बीर सिंह, बिमला परमार, बबीता तंवर, नमिता तंवर, मुकेश चौहान एडवोकेट, बृजपाल सिंह परमार, कंवर सिंह पूर्व तहसीलदार, लाल सिंह खरक, कैप्टन हरिपाल सिंह, नेत्रपाल सिंह तंवर, सुनील परमार सरपंच, कंवरपाल पुजारी, महिपाल शेखावत, कमांडो बीर सिंह, संजय तंवर वाईस चेयरपर्सन प्रतिनिधि, वीर महाराणा प्रताप युवा राजपूत सेना, कौशल परमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर से निकाली 41 दिवसीय ढ़ाई कोसी यात्रा

# भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर, जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान



भिवानी। भगवान परशुराम को नमन करते महंत चरणदास महाराज व अन्य। फोटो: हरिभूमि

**भगवान परशुराम ने धर्म की रक्षा के लिए किया था संघर्ष: चरणदास**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर के महंत चरणदास महाराज के नेतृत्व में हनुमान जन्मोत्सव से शुरू की गई 41 दिवसीय अढ़ाई कोसी यात्रा मंगलवार को 18वें दिन भी जारी रही। हरीश शांडिल्य व प्रदीप बंसल ने बताया कि वृंदावन, मथुरा और बरसाना जैसी विभिन्न धार्मिक नगरी में निकाली जाने वाली कोसी यात्रा की तर्ज पर छोटी काशी में शुरू की गई अढ़ाई कोसी यात्रा में रोजाना श्रद्धालु भारी तादात में हिस्सा ले रहे है तथा शहर के सभी 12 ऐतिहासिक दरवाजों सहित छोटी काशी के विभिन्न मंदिरों के बारे में जानकारी हासिल कर रहे है। इसी कड़ी में 41 दिवसीय यात्रा के 18वें दिन मंगलवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर परिक्रमा मार्ग पर भगवान परशुराम चौक पर श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि अढ़ाई कोसी यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाना है। यात्रा के माध्यम से न केवल श्रीसनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, बल्कि सामाजिक एकता व भाईचारे को भी मजबूत करने की दिशा में यात्रा बेहद लाभकारी साबित हो रही है। भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए महंत चरणदास महाराज व हरियाणा विद्यालय शिक्षा चेयरमेन डॉ. पवन शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने हमेशा समाज के लिए उच्च कोटि के कार्य किए। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम महान योद्धा एवं क्रांतिकारी थे, जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को भगवान परशुराम के जीवन आदर्श से अवगत करवाने के लिए कार्यक्रमों का होना बहुत जरूरी है। समाजसेवी संजय शर्मा ने कहा कि परशुराम भगवान के पहले मानव अवतार और चिरंजीवी हैं, जिन्होंने पूरी मानव जाति को नया रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए बताए रास्ते पर चलना चाहिए। इस अवसर पर अधिवक्ता धीरज सैनी, गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार, पार्षद संदीप यादव, अधिवक्ता केंद्रमनी, दिनेश दधीच, सरोज शर्मा, पवन सैनी, अधिवक्ता घनश्याम शर्मा, विजय मित्तल, अंकुर अग्रवाल, रामनिवास सैनी, प्रदीप बंसल, अमित बंसल मुंढ़ालिया, राजीव बंसल, प्रेम मित्तल, अधिवक्ता अजय परिहार, अधिवक्ता संदीप शर्मा, लालचंद, बिट्टू मास्टर, यश शर्मा, सुधीर शर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



भिवानी। भाजपा कार्यालय में भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

## भाजपा कार्यालय में भगवान परशुराम की जयंती पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- भगवान परशुराम ने सदा न्याय की लड़ाई लड़ी, महान योद्धा एवं शास्त्रों के ज्ञानी होने के नाते उन्होंने सदा धर्म की रक्षा की

भाजपा जिला कार्यालय भिवानी में भगवान परशुराम की जयंती मनाते हुए भाजपा कार्यालय सचिव राजेश धनखड़, व्यापारी नेता राजेंद्र शर्मा सुई, कृष्ण शर्मा पूर्व मंडल महामंत्री कैरू, रामधारी एवं अपने कार्यालय स्टाफ हर्ष ठठेरा, पंकज कुमार, जुगनू कांगड़ाके साथ मूर्ति पर पुष्प अर्पित करते हुए। इस अवसर पर कार्यालय सचिव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने सदा न्याय की लड़ाई लड़ी एक महान योद्धा एवं शास्त्रों के ज्ञानी होने के नाते उन्होंने सदा धर्म की रक्षा की वे भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। उन्होंने करण द्रोणाचार्य ,भीष्म पितामह जैसे योद्धाओं को शास्त्र शिक्षा दी ताकि आगे चलकर वह धर्म की रक्षा करें। भगवान परशुराम जी ने शिवजी की तपस्या की तो उन्होंने उनको परसू नामक हथियार दिया था जिसकी वजह से उनका नाम परशुराम पड़ा।



भिवानी। आस्था स्पेशल स्कूल में भगवान परशुराम को नमन करते शिक्षक व दिव्यांग विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## दिव्यांग छात्रों और शिक्षकों ने भगवान परशुराम को याद किया

- आस्था स्पेशल स्कूल में मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव
- परशुराम भगवान विष्णुजी के छठे अवतार एवं हमेशा अजेय रहने वाले योद्धा थे: सुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

आस्था स्पेशल स्कूल में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर अतिथियों, शिक्षकों व दिव्यांग विद्यार्थियों ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर स्कूल परिसर में औषधीय युक्त पौधा शतावर सहित अनेक पौधें लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल की प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने लोगों से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा पौधें लगाकर धरती को हराभरा करने का काम करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार हो सके। आस्था स्पेशल स्कूल में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया। शिक्षकों व दिव्यांग बच्चों ने भगवान परशुराम को नमन किया। प्राचार्या सुमन शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णुजी के छठे अवतार माने जाते हैं, उनके पिता का नाम महर्षि जमदग्नि व माता का नाम रेणुका था। एक दिन उनकी माता रेणुका स्नान करके आश्रम लौट रही थी तो उन्होंने राजा चित्ररथ को जल विहार करते देखा और उनका मन विचलित हो गया। उनके पति महर्षि जमदग्नि ये बात जान गए कि उनकी पत्नी का मन विचलित हैं, तो उन्होंने अपने बेटे परशुराम के बड़े भाई रुक्मवान, सुषेणु, वसु और विश्वावसु से बारी-बारी अपनी मां का वध करने को कहा, लेकिन सभी ने मना कर दिया। इससे नाराज होकर महर्षि जमदग्नि ने उन्हें श्राप दे दिया। इसके बाद महर्षि जमदग्नि ने भगवान परशुराम को अपनी मां का सिर काटने का आदेश दिया तो उन्होंने अपनी मां का सिर काट दिया। महर्षि जमदग्नि बहुत प्रसन्न हुए और परशुराम को वर मांगने के लिए कहा, तब परशुराम ने माता रेणुका को पुनर्जीवन, चारों भाइयों को ठीक करने व कभी पराजय का सामना न करना पड़े।

## ब्राह्मण सेना ने भगवान परशुराम को याद किया

- भगवान परशुराम का जीवन 36 बिरादरी के कल्याण के लिए सार्थक रहा: जेपी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। भगवान परशुराम को नमन करते ब्राह्मण सेना के प्रदेशाध्यक्ष व व्यापार मंडल के अध्यक्ष जेपी कौशिक व अन्य।

ब्राह्मण सेना के प्रदेशाध्यक्ष व व्यापार मंडल के अध्यक्ष जेपी कौशिक के नेतृत्व में बैंक कॉलोनी में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मानाई। इस दौरान सत्यनारायण कौशिक ने युवा बच्चों को नशे न करने की शपथ दिलवाई और भगवान परशुराम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस मौके पर जेपी कौशिक ने पशु-पक्षियों के लिए दाना व पानी की व्यवस्था की और फल आदि वितरित कर भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने समाज को नई दिशा देने का काम किया। आज हम सबने मिलकर भगवान परशुराम के सपनों को साकार करना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें भगवान परशुराम का जीवन 36 बिरादरी के जनकल्याण के लिए सार्थक रहा। उन्होंने अपने जीवन में काफी उतार-चढ़ाव देखे इसलिए आज पूरे देश में भगवान परशुराम को याद किया जाता है उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार थे, जिन्होंने पूरे विश्व का कल्याण किया। इस दिन पूरे विश्व में झांकिया निकाली जाती है, जिसमें बच्चें बढ़-चढ़कर भाग लेते है। इस अवसर पर पवन शर्मा, विवेक कौशिक, शिवम कौशिक, राहुल शर्मा, राजेश भारद्वाज, जितेंद्र सिंह, सत्यवर्त शर्मा, अतुल कुमार, दीपक शर्मा, रूद्राक्ष कौशिक, प्रदीप शर्मा, सुनील कौशिक व अमन आदि उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम ने सर्व समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

ग्राम सचिवालय बुशान में मंगलवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव ग्रामवासियों ने मिलकर बड़ी धूमधाम से मनाया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच मेहर चंद ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ होने से पहले आतकंवादी हमले में मारे गए निर्दोष व्यक्तियों की आत्मा शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम में पहुचने पर अतिथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच राजेश भारद्वाज व प्रधान नरेश शर्मा को पगड़ी पहनाकर व भगवान परशुराम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। सभी ने मिलकर कार्यक्रम में भगवान परशुराम द्वारा दी गई शिक्षाओं का आत्मसात करते हुए राष्ट्र व समाज की उन्नति करने का आह्वान किया। इस दौरान जयसिंह कोच, ओमप्रकाश, प्रधान नरेश शर्मा, पूर्व सरपंच बीरसिहं, पूर्व सरपंच महान, सत्यवान शर्मा, प्रधान दलबीर, दुलीचंद, प्रेम ड्राइवर, बृजपाल फौजी, सतबीर शर्मा, जगदीश फौजी, रामकुमार लडवाल, डॉ. सुशील, राजेश डीपी, पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।



तोशाम। भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## डॉ. आंबेडकर लाइब्रेरी में परशुराम जयंती गुरु तेग बहादुर प्रकाश उत्सव मनाया

- धरती पर भगवान परशुराम के बराबर अन्य योद्धा नहीं माना गया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

डॉ. आंबेडकर कॉलोनी स्थित गुरू रविदास धर्मशाला में शहीद-ए-आजम वीर ऊधम सिंह प्रदेश महासभा ने महान योद्धा एवं अस्त्र-शस्त्र के ज्ञाता परशुराम जयंती पर उनके चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित करके मनाई।

वहीं सिखों के नौवें महान गुरू तेग बहादुर के प्रकाश उत्सव पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजू मेहरा ने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास में धरती पर भगवान परशुराम के बराबर किसी योद्धा को नहीं माना गया, वे अस्त्र-शस्त्र के महान ज्ञाता थे। मेहरा ने बताया की सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर ने समस्त जीवन मानवता के लिए समर्पित किया था। उन्होंने इंसानियत को बचाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

आज गुरु तेग बहादुर के प्रकाश दिवस व परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में दोनों महान योद्धा को याद करना हमारा कर्तव्य बनता है। इस मौके पर साहिल बंगालिया, रिंकू पूनिया, हंनशिका शर्मा, अंकुर प्रजापति, अंकित कुमार, हर्ष मेहरा, ललिता, रेनू राजपूत, प्रीति, अमृता, पिंकी, कविता, नवीस, मुकेश व हिमांशु आदि उपस्थित थे।

### पोस्टल चालान का सॉफ्टवेयर अपडेट, कागजात रखे पूर्ण

# 2025 में अब तक 3,875 पोस्टल चालान किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए जाने वाले पोस्टल चालान के सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया है। ओवर स्पीड में चलने वाले, रॉन्ग पार्किंग और नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों का पोस्टल चालान हो जाता है और उस वाहन का रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और पॉल्यूशन समाप्त हो चुका है तो ओवर स्पीड और रॉन्ग पार्किंग के चालान के साथ रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और पॉल्यूशन का भी चालान हो जाएगा। कंट्रोल रूम भिवानी में सीसीटीवी पर कार्यरत पुलिस कर्मचारियों के द्वारा शहर भिवानी के मुख्य चौक व चौराहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के द्वारा मॉनिटरिंग की जाती है वहीं कर्मचारियों के द्वारा सीसीटीवी कैमरे से रॉन्ग साइड पार्किंग, विदाउट हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग व हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट व मोटर वाहन अधिनियम के तहत अन्य चालान किए जाते हैं। पुलिस के द्वारा वर्ष 2025 में रॉन्ग पार्किंग के कुल 2,570 चालान किए, वाहन चालक के द्वारा गाड़ी पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने वालों के 34 चालान किए, दो पहिया वाहन चालकों के द्वारा हेलमेट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों के 639 चालान किए।



भिवानी। ऑन लाइन ट्रैफिक पर नजर रखते हुए। फोटो: हरिभूमि

**नियमों का पालन करें: एसपी**

पोस्टल चालान के सॉफ्टवेयर को अब अपडेट किया गया है। अब पोस्टल चालान में रॉन्ग पार्किंग के साथ बिना रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और पॉल्यूशन का भी चालान किया जाता है। अगर किसी वाहन का रॉन्ग पार्किंग का चालान होता है और उसका रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और पॉल्यूशन समाप्त हो चुका है तो उस वाहन का रॉन्ग पार्किंग के साथ रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और पॉल्यूशन का चालान भी अपने आप हो जाएगा। उसे सभी का जुर्माना अदा करना पड़ेगा। साथ ही ट्रैफिक पुलिस ओवर स्पीड वाहनों का भी पोस्टल चालान करती है। पुलिस अधीक्षक भिवानी मनबीर सिंह ने वाहन चालकों से कहा है कि अपने वाहन को निर्धारित गति सीमा में चलायें। अपना वाहन किसी भी जगह पार्क कर यातायात व्यवस्था को बाधित न करे। वाहन को निर्धारित स्थान पर पार्क करे। सड़क के बीच कही कोई वाहन पार्क न करे।

# डिजाइनिंग लाइटों से जगमगाएगा रोहतक रोड, 4.5 करोड़ रुपये का भेजा प्रस्ताव

## कनेर-बिगोन बेल से बढ़ाई जाएगी शहर की हरियाली, अनुमति मिलने के बाद होगा काम शुरू

■ फैंसी लाइटों के सहारे रोड पर रात को दिन जैसा उजियारा होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

जल्द ही भिवानी शहर की सड़कों के सौंदर्यकरण व हरियाली बढाने को पंख लगने वाले है। नगरपरिषद शहर की सड़कों के सौंदर्यकरण के लिए फुटपाथों व डिवाइडरों पर डिजाइनिंग वाली लाइटें लगाने जा रही है। डिजाइनिंग वाली लाइटें लगने के बाद रात को भी दिन जैसा उजियारा बना रहेगा। हालांकि अभी स्थानीय शहरी निकाय विभाग को उक्त योजना का प्रस्ताव भेजा है,जल्द ही विभाग की तरफ अनुमति मिलने के बाद काम शुरू हो जाएगा।

उक्त योजना पर करीब साढे चार करोड़ रुपये की लागत आएगी। इनके अलावा सड़क के दोनों तरफ हरियाली बढाने के लिए कनेर व बिगोन बेल लगाई जाएगी। जिसकी क्लम तैयार करवाई जा रही है। सबसे पहले रोहतक रोड के सौंदर्यकरण की योजना है। इस रोड को सुंदर बनाने के बाद शहर के अन्य प्रवेश मार्गों का सौंदर्यकरण किया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगरपरिषद ने शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए रोहतक रोड के दोनों तरफ फुटपाथ बनवाए जाएंगे। बीच में डिवाडर होगा। फुटपाथों व डिवाईडरों पर डिजाइन वाली लाइटें लगवाई जाएगी। सभी फैंसी लाइटों के सहारे रोड पर रात को दिन जैसा उजियारा होगा। दिन छिपने से पहले ही उक्त लाइटें जलनी शुरू हो जाएगी और सूर्य उगने से पहले लाइटें अपने आप बंद हो जाएगी। डिवाइडर पर लगे पोल को भी बदलने की प्रक्रिया शुरू होगी। इनकी जगह डिजाइन वाली लाइटें लगवाई जाएंगी। नगरपरिषद की यह योजना रोहतक गेट से लेकर हुन्नामल की प्याऊ तक की है। इस योजना पर करीब साढ़े चार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इस रोड पर डिजाइन वाली लाइटें लगने के बाद शहर के अन्य प्रवेश मार्गों पर भी इसी तरह की लाइटें लगवाई जाएगी। जिनमें हांसी रोड, भिवानी से लोहारू रोड, महम रोड के अलावा अन्य छोटे बड़े मार्गों के सौंदर्यकरण की योजना है।



### कनेर व बिगोन बेल पर रंग बिरंगे फुल खिलेंगे

रोहतक रोड को लाइटों से जगमग करवाए जाने के साथ साथ हरियाली को भी बढाने पर जोर दिया जा रहा है। डिवाइडर के बीचोबीच कनेर व बिगोन बेल लगवाई जाएगी। इन पर रंग बिरंगे फुल तो खिलेंगे साथ में हरियाली भी बढेगी। कनेर व बिगोन बेल पूरे साल ही हरी भरी रहती है। मार्ग पर हरियाली बढाने के लिए कनेर के पौधे रोपित कर दिए गए है,जबकि बिगोन बेल की क्लम तैयार करवाई जा रही है। मौसम थोड़ा सा नरम होते ही बिगोन बेल रोपित करवा दी जाएगी। चूंकि अभी गर्मी ज्यादा पड रही है। ऐसे में बेल का लगना कठीन कार्य है। मौसम थोड़ा सा नरम होते ही बिगोन बेल भी लगवाई जाएगी।

### फुटपाथों पर भी इसी तरह की लाइटें लगवाई जाएगी।

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शहर के सौंदर्यकरण को धरातल पर उतारा जा रहा है। सबसे पहले रोहतक रोड को सुंदर बनाया जाएगा। सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ, बीच में डिवाइडर तथा डिवाइडर पर लगे पोल हटाकर उनकी जगह डिजाइन वाली लाइटें लगवाई जाएगी। फुटपाथों पर भी इसी तरह की लाइटें लगवाई जाएगी। ताकि रात के अंधेरे में दिन का उजियारा जैसा लगे। साथ ही सड़क के दोनों तरफ हरियाली बढाई जाएगी। ताकि शहर की सड़कें सुंदर लगे।

---

**खबर संक्षेप**



### सरसों की सरकारी खरीद 30 तक होगी : एसडीएम

**तोशाम।** एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि सरसों की सरकारी खरीद 30 अप्रैल तक की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी, किसानों और आढ़तियो के साथ तालमेल करके सरसों एवं गेहूं खरीद बेहतर तरीके से करें। एसडीएम डॉ. नैन ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी हिदायतों की पालना पूर्णतः सुनिश्चित करें। बता दें कि सरसों की खरीद व्यवस्था को लेकर एसडीएम ने किसानों एवं आढ़तियों की समस्याओं से सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के सम्बन्ध में निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसलों बिक्री में कोई समस्या आड़े नहीं आनी चाहिए।

### सांसद किरण चौधरी आज कई गांवों का करेगी दौरा

**भिवानी।** राज्यसभा सांसद किरण चौधरी 30 अप्रैल और एक मई को जिले के कई गांवों का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर लोगों की समस्याएं सुनेंगी। उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त दौरा कार्यक्रम अनुसार राज्यसभा सांसद किरण चौधरी 30 अप्रैल को भिवानी के पंचायत भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जिले की टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित करेंगी और कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। राज्यसभा सांसद इसके बाद 30 अप्रैल को गांव बापोड़ा के मांई वाला मंदिर में भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगी।

### वूशु में भव्य और एकलव्य ने स्वर्ण पदक जीते

**भिवानी।** भिवानी जिले की सब जूनियर वूशु खेल की ट्रायल 29 अप्रैल को ग्राम पंचायत हालुवास माजरा देवसर खेल नर्सरी में संपन्न हुई। वूशु जिला इंचार्ज बीरू सिंह ने बताया कि 22 किलोग्राम में भव्य ने स्वर्ण पदक, हर्षित ने रजत, जतिन ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 24 किलोग्राम में एकलव्य ने स्वर्ण पदक, निम्मित ने रजत पदक प्राप्त किया। 26 किलोग्राम में अरमान ने स्वर्ण पदक, लक्की ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं 28 किलोग्राम भारवर्ग में नितिन ने स्वर्ण पदक जीता। 32 में रुद्रप्रताप ने स्वर्ण, 34 में वीर भाटी ने स्वर्ण, 36 में आकाश ने स्वर्ण, 39 में इशांत ने स्वर्ण, पारस ने रजत, हिमांशु व कार्तिक ने कांस्य पदक जीता। 42 किलोग्राम में गौरव ने स्वर्ण, दक्ष भाटी ने रजत, जतिन व दक्ष तंवर ने कांस्य, 45 में युवराज ने स्वर्ण, आदिव ने रजत, नक्श एवं हर्षित ने कांस्य पदक जीता। 48 किलोग्राम में जसबीर ने स्वर्ण, खुशहाल ने रजत, चेतन ने कांस्य, 56 किलो में दीपेश ने स्वर्ण पदक जीता है।

---



**भिवानी।** विधायक सुनील सांगवान से मिलते कन्हेटी गांव के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### ग्रांट जारी होने पर भी नहीं बनाया रास्ता, विधायक से मिले ग्रामीण

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री खेत-खलिहान योजना के तहत खेतों तक पहुंच आसान बनाने के लिए सरकार द्वारा लाखों की ग्रांट जारी की जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। गांव कन्हेटी में मोरवाला रोड पर सूरज कोर की समाधि के सामने जगदेव के खेत तक योजना के तहत करीबन दो साल पहले रास्ता बनाने के लिए लगभग 16 लाख 85 हजार रुपये की ग्रांट स्वीकृत की गई थी। दो वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक यह रास्ता नहीं बना है, जिसके किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को गांव कन्हेटी के ग्रामीण विधायक सुनील सांगवान से मिले तथा जल्द रास्ता बनवाने की मांग की। विधायक को शिकायत सौंपते हुए ग्रामीण शमशेर, सुंदर, पवन, सोमपाल, सुनील, प्रदीप जाखड़, छोटेलाल, चंद्रपाल ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि यह रास्ता बनने से खेत तक पहुंचने में आसानी होगी, लेकिन आज भी कीचड़ और पगडंडी से होकर गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस रास्ते के लिए ग्रांट दो वर्ष के करीब ग्रांट जारी हुई थी, मगर आज तक रास्ते का अता-पता ही नहीं है। उन्होंने बरसात का मौसम आने वाला है तथा बरसात के मौसम में यहां की हालत काफी दयनीय हो जाती है। ऐसे में वे मांग करते है कि बरसात का मौसम शुरू होने से पहले इस रास्ते को बनवाए जाए, ताकि किसान अपने खेतों तक आसानी से पहुंच सकें।

---

# सेशन जज चालिया ने किया जेल निरीक्षण

■ कैदियों को सामान्य शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर. चालिया और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी -कम- सचिव पवन कुमार ने स्थानीय जिला कारागार का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कैदियों की समस्याओं को सुना। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर. चालिया ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विस कमेटी द्वारा देश भर की जेलों में बंद उन कैदियों के लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है, जो आर्थिक या सामाजिक कारणों से कानूनी सहायता नहीं ले पाते। इस विशेष अभियान का नाम 'लीगल सर्विस टू प्रिजनर्स' है, जिसका उद्देश्य जेलों में बंद विचाराधीन व सजायाफ्ता कैदियों को निःशुल्क और त्वरित कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है।

निरीक्षण के दौरान सेशन जज ने जेल के बैरकों में साफ-सफाई की स्थिति, विशेष रूप से शौचालयों व स्नानघरों की स्वच्छता को और बेहतर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए कैदियों के लिए पर्याप्त व स्वच्छ पेयजल और राहत के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। सेशन जज डी.आर. चालिया ने जेल के पुस्तकालय का निरीक्षण करते हुए कहा कि कैदियों को सामान्य शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए, ताकि वे भविष्य में एक सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि यह प्रयास कैदियों के पुनर्वास में अहम भूमिका निभा सकता है।

निरीक्षण के दौरान वे कैदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच करने रसोईघर पहुंचे और भोजन को स्वयं चख कर उसकी गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। सेशन जज ने वहां उपस्थित कैदियों से संवाद करते हुए कहा कि यदि किसी कैदी को अपने मुकदमे की पैरवी के लिए वकील की आवश्यकता है, तो वह जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क वकील की सेवा ले सकता है। उन्होंने कैदियों से अपील की कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनें। निरीक्षण के अंत में सेशन जज ने विचाराधीन और सजायाफ्ता कैदियों की व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं।

---




**भिवानी।** रक्तदाता को बैज लगाते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# शिविर में 50 युवाओं ने किया रक्तदान

■ स्वर्गीय रामअवतार शर्मा की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के रक्तकोष में योगेश शर्मा व रोटरी क्लब भिवानी डाउनटाउन द्वारा संयुक्त रूप से स्वर्गीय रामअवतार शर्मा की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन सेवानिवृति जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. अनूप सिंह यादव ने किया। शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन पंकज ग्रोवर व प्रोजेक्टर चेयरमैन रोटेरियन अंकित जैन ने सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यतिथि डॉ. अनूपसिंह यादव, बुद्धदेव आर्य, दर्शन मिढ्डा, सीपी चावला व योगेश शर्मा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उन्हें सम्मानित किया। रक्तदान करने वालों में धीरज शर्मा, रीतेश शर्मा, विकास, हरकिरण सिंह, संदीप, प्रमोद, प्रवीण कुमार, पंकज शर्मा, नीरज, साहिल, पुनीत, मनोज शर्मा, प्रिंस, कपिल ग्रोवर आदि शामिल रहे। कोषाध्यक्ष रोटेरियन अशोक ने शिविर का कुशलतापूर्वक संचालन के लिए ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. मोनिका सांगवान व शर्मिला का आभार जताया। रोटेरियन चावला ने बताया कि रक्तदान करने से व्यक्ति किसी की भी जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि 18 से लेकर 60 वर्ष की आयु का स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि योगेश के पिता स्वर्गीय रामअवतार शर्मा की मृत्यु ब्लड कैंसर के कारण हुई थी, जिसकी स्मृति में प्रत्येक वर्ष शिविर लगाया जाता है।

# भाजपा की बापोड़ा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

■ अपनी जिम्मेवारी को पूरी निष्ठा से निभाएं सभी नवनियुक्त पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने व सरकार की योजनाओं व नीतियों को तेजी से प्रत्येक जन तक पहुंचाने के लिए मंडल पदाधिकारियों की घोषणा की जा रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली, संगठन महामंत्री फर्नीदर नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी व भिवानी प्रभारी रेणु डाबला से विचार-विमर्श कर बापोड़ा मंडल की कार्यकारिणी घोषित की है। जिसके तहत जगत कौशिक को मंडल अध्यक्ष, अजीत शेखावत, राजेश पुनिया, कैप्टन जयवीर व चित्रपाल सिंह को मंडल उपाध्यक्ष, विक्रम दुग्गल व दिनेश भारद्वाज को मंडल महामंत्री, सुमेर सैनी, बबीता शिमली को मंडल सचिव, दलीप कुमार को मंडल कोषाध्यक्ष, नीरज शर्मा को आईटी प्रमुख व पवन कुमार रिवासा को सोशल मीडिया प्रमुख की जिम्मेवारी सौंपी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेवारी को पूरी निष्ठा से निभाते हुए संगठन हित में कार्य करें तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन का आधार होते है तथा जिस संगठन के कार्यकर्ता मजबूती से कार्य करते है, वह संगठन भी निश्चित तौर पर मजबूत रहता है। ऐसे में सभी कार्यकर्ता अपनी ताकत व जिम्मेवारी को समझते हुए आगे बढ़े। इस मौके पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हे जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में मजबूती से कार्य करेंगे।

### भाजपा बवानीखेड़ा मंडल की जिला कार्यकारिणी घोषित

**बवानीखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने प्रदेशाध्यक्ष मनोहर लाल बडोली, संगठन महामंत्री फर्नीदर नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी व भिवानी प्रभारी रेणु डाबला से विचार-विमर्श कर भाजपा बवानीखेड़ा मंडल की कार्यकारिणी घोषित की है। इस मौके पर बवानीखेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि व बवानीखेड़ा मंडल प्रभारी विनोद चावला भी मौजूद रहे। जिसमें प्रदीप राणा को मंडल अध्यक्ष, जगदीश गौतम, जयबीर तंवर, स्नेहलता, कुलजीत लोढ़ा को मंडल उपाध्यक्ष, बिजेंद्र चौहान, करण शर्मा को मंडल महामंत्री, संजय, कृष्ण वाल्मीकि, सुमन बलियाली को मंडल सचिव, कुमार अग्रवाल को मंडल कोषाध्यक्ष, संजय को आईटी प्रमुख व संदीप सैन को सोशल मीडिया प्रमुख की जिम्मेवारी सौंपी है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि मंडल स्तर पर कार्यकारिणी गठित होने से पार्टी की जमीनी पकड़ और भी सुदृढ़ होती है। यह सुनिश्चित करता है कि पार्टी के विचार, योजनाएं और कार्यक्रम आम जनता तक सीधे पहुंचे। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी में नए और पुराने कार्यकर्ताओं को स्थान मिलने से संगठन में नई ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा आती है। जिससे कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता है और वे पार्टी के लक्ष्यों की प्राप्ति में अधिक समर्पण से लगते हैं। उन्होंने कहा कि मंडल कार्यकारिणी की घोषणा भाजपा की सांगठनिक मजबूती, कार्यकर्ता सशक्तिकरण का अहम हिस्सा है। इस मौके पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया तथा कहा कि उन्हे जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।



**भिवानी।** एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को सम्मानित करते एकेडमी के निदेशक डॉ निहाल सिंह। फोटो : हरिभूमि

### दीप साइंस के विद्यार्थियों नें गाड़े बुलंदियों के झंडे, उत्तीर्ण की एनडीए की परीक्षा

**भिवानी।** दीप साइंस एंड कॉम्पीटिशन प्राइवेट लिमिटेड महम रोड भिवानी के तीन विद्यार्थियों ने एनडीए की परीक्षा रिकार्ड अंक लेकर उत्तीर्ण की है, जिसमें माही तंवर पुत्री नरेश गांव तिगड़ाना ने तो बारहवीं क्लास में होते हुए ही यह परीक्षा उतीर्ण करके नया कीर्तिमान स्थापित किया है तथा छवि पुत्री संजय व जतीन राहर पुत्र सोमबीर गांव ढाणा नरसान ने 50 दिन की अकादमी मे कोचिंग लेकर एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण की। अकादमी के निदेशक डॉ. निहाल सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई देते हुए सितंबर 2025 मे बड़ा करिश्मा करने का एलान किया। डॉ. निहाल सिंह बताया कि सभी विद्यार्थियों ने दृढ़ संकल्प व मेहनत से परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। अकादमी के शिक्षको व विद्यार्थियों की मेहनत नें यह दिखा दिया की किसी भी परीक्षा को दृढ़ संकल्प से उत्तीर्ण किया जा सकता है।

---

**शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने आंदोलन का बजाया बिगुल**

# 12 को डायरेक्टर दफ्तर पर करेंगे प्रदर्शन

■ 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढक़र भाग लेने का ऐलान

■ आऊटसोर्सिंग, ठेका प्रथा, निजीकरण की नीतियों को बढ़ावा देकर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का कार्य जोरो पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

सार्वजनिक शिक्षा, स्कूल व रोजगार बचाव अभियान को लेकर प्रदेश भर के शिक्षा विभाग में काम करने वाले कच्चे-पक्के कर्मी, शिक्षक व गैर शिक्षक हुए लांबद्ध, आंदोलन का बजाया बिगुल, 12 मई को डायरेक्टर दफ्तर पंचकूला पर रोष प्रदर्शन व 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढक़र भाग लेने का ऐलान किया।

हरियाणा शिक्षा विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी संबंद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने गत दिवस कर्मचारी भवन रोहतक में राज्य स्तरीय कन्वेंशन कर चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। हरियाणा शिक्षा विभाग तालमेल कमेटी के सदस्य प्रभु सिंह, रामपाल शर्मा, दलेर राणा, कपिल सिरोही, हितेंद्र सिहाग, मुकेश खरब ने संयुक्त रूप से बताया कि भाजपा सरकार शिक्षा विभाग को सिकोडऩा व तोडऩा चाहती है। जिसके आए दिन फरमान जारी हो रहे है। रेशनेलाईजेशन के नाम पर शिक्षा विभाग में शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मियों के पदों को समाप्त करने की साजिश जारी है।

सरकारी स्कूलों में लगातार सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों से गिराई जा रही छात्र संख्या से चतुर्थ श्रेणी, मिनिस्ट्रीयल स्टाफ व अध्यापकों के पदों को खत्म किया जा रहा है। आऊटसोर्सिंग, ठेका प्रथा, निजीकरण की नीतियों को बढ़ावा देकर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का कार्य जोरो पर है। इसीलिए अपनी विभागीय मांगों के साथ-साथ सभी को एक मंच पर आकर विभाग बचाने की जरूरत है। अगर विभाग बचेंगे तो ही हमारा रोजगार बचेगा। स्कूलों को लगातार मर्ज किया जा रहा है।

इसके साथ ही पेपरलैस, स्टाफिंग पॉलिसी लागू कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ व चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भी कैंची जारी है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर आम जनता के लिए खोले गए स्कूलों पर भी बड़ी तेजी से बंद किया जा रहा है। शिक्षा विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी ने सभी कच्चे-पक्के कर्मचारियों से आह्वान किया है कि अपनी विभागीय मांगों के साथ-साथ सांझी मांगों के लिए इस लड़ाई में एकजुट होकर आगामी रोष प्रदर्शन में बढ़-चढक़र भाग ले। केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ और अपनी वाजिब मांगों को लागू करवाने के लिए सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियन, कर्मचारी संघों, अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आगामी 20 मई को होने वाली देश व्यापी हड़ताल में भी भाग लेने का निर्णय लिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं
नार्मल डिलीवरी
सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए
OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़,
CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र :
9416296903, 8168362612